वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 01 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

केन्द्रीय बजट में शिक्षा पर बजट बढ़ाने हेतु केन्द्र सरकार का हार्दिक अभिनंदन : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आज सदन में प्रस्तुत किए गए केन्द्रीय बजट का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है। पिछले बजट सत्र की तुलना में इस बार केन्द्रीय बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए अधिक बजट का आवंटन किया गया है, जो निश्चित ही शिक्षा क्षेत्र की व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा।

बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल 99,300 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं, साथ ही कौशल विकास के लिए अतिरिक्त 3000 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम, नए उच्च शिक्षण संस्थान खोले जाने आदि घोषणाएं शिक्षा क्षेत्र में नए सुधार की नींव रखेंगी।

केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "वर्तमान समय में भारतीय शिक्षा व्यवस्था को रोजागारोन्मुखी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, केन्द्रीय बजट निश्चित रूप से आम भारतीय के लिए आशा की नए किरणों की तरह हैं। हम यह मांग करते हैं कि नई शिक्षा नीति शीघ्र लागू की जाए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)